# गंगा एक्सप्रेसवे : मेरठ-हापुड़ सेक्शन पर निर्माण का 75 फीसदी काम पूरा

## खड़खड़ी के जंगल में बनकर तैयार हो चुकी 15 किमी लंबी सड़क

अमर उजाला ब्यूरो

मेरठ। गंगा एक्सप्रेसवे का काम तेजी से चल रहा है। एक्सप्रेस-वे को महाकुंभ मेले से पहले इसे चालू करने की तैयारी है। मेरठ-हापुड़ सेक्शन पर 75 फीसदी से अधिक काम पूरा हो गया है।

खरखौदा क्षेत्र के खड़खड़ी गांव में 16 लेन का टोल प्लाजा का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। खड़खड़ी के जंगल में 15 किलोमीटर तक सड़क निर्माण हो गया है। अभी यह छह लेन का एक्सप्रेसवे है। बाद में इसे आठ लेन तक चौड़ा किया जा सकेगा।

### छह घंटे में पहुंचेंगे प्रयागराज

**महाकुंभ मेले से पहले चालू करने की चल रही है तैयारी**

594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे 12 जिलों के 518 गांवों से होकर गुजरेगा।

मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर बिजौली गांव से शुरू होकर गंगा एक्सप्रेसवे प्रयागराज में एनएच-19 पर जुदापुर दादू गांव के पास तक होगा। एक्सप्रेसवे का निर्माण भी 12 चरणों में ही किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर 36,400 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ के बाद ये हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ से होता हुआ प्रयागराज पर खत्म होगा।

गंगा एक्सप्रेसवे पर न केवल वाहन दौड़ेंगे, बल्कि आपात स्थिति में बड़े फाइटर प्लेन और हेलीकॉप्टर भी इस पर उतर सकेंगे। शाहजहांपुर में 3.50 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनाई जा रही है। इसके अलावा गंगा और रामगंगा नदियों पर दो बड़े पुलों का निर्माण भी किया जा रहा है।